<u>समाचार</u>

# <u>घुड़सवारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया महापौर ने</u>



कोरबा 12 मई 2016 – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विगत 15 दिनों से चल रहे घुड़सवारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का 12 मई को समापन किया। उन्होंने धुड़सवारी सीखने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी तथा इस महत्सपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए जेसीरेट के पदाधिकारियों व सदस्यों को साधुवाद दिया।

प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम टी.पी.नगर कोरबा में जेसीस की महिला विग जेसीरेट के द्वारा विगत पंद्रह दिनों से बच्चों को घुड़सवारी प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। इस प्रशिक्षण में 40 बच्चों ने घुड़सवारी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। 12 मई को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जेसीरेट के द्वारा बच्चों को घुड़सवारी प्रशिक्षण दिये जाने का यह महत्वपूर्ण आयोजन किया गया । यह आयोजन जेसीरेट की सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण सहभागिता व उसके उद्देश्यों की ओर इंगित करता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों ने अवकाश का पूर्ण लाभ उठाया तथा घुड़सवारी की ट्रेनिंग प्राप्त की। इससे अवकाश का सदुपयोग हुआ तथा उन्होंने एक महत्वपूर्ण शिक्षा प्राप्त की, जो उनके भावी जीवन में उपयोगी सिद्ध होगी। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करने वाले सहयोगियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा उनके सहयोग की प्रशंसा की। कार्यक्रम में वार्ड क्र 02 के पार्षद विकास अग्रवाल, समाज सेविका मंगल बुधिया, कुसुम द्विवेदी, जे.सी.आई के पूर्व अध्यक्ष इंजी. राज अग्रवाल, जेसीरेट अध्यक्षा पूर्णिमा सोनी,

जे.सी. आई. उपाध्यक्ष आशीष टमकोरिया,जेसी सुरेश चावलानी, यू.जेसी शुभम डिडवानिया, जेसीरेट अनिता सिंघल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।